पत्र सं0-विधि-MIS माड्यूल/नोडल ऑफीसर/2022-23/ 494 //राज्य कर।

कार्यालयः-आयुक्त, राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

(विधि अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 02 नवम्बर, 2022

समस्त

जोनल अपर आयुक्त /

संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक)

राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया मुख्यालय के पत्र सं0-एस0एस0-मा0 मुख्यमंत्री बैठक कार्यवृत्त/2022-23/185/राज्य कर, दिनांक 11-07-2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा समीक्षा बैठक दिनांक 06-07-2022 में निर्देशित किए गए बिन्दु ''व्यापारी पंजीकरण में वृद्धि के लिए राज्य कर विभाग द्वारा और अधिक प्रयास कर पंजीकरण की संख्या को 50 लाख तक पहुँचाया जाये'' के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी किय गये हैं।

यह संज्ञानित हुआ है कि पंजीयन जागरुकता अभियान के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों द्वारा पंजीयन शिविरों में सहज एवं बोधगम्य प्रकार से पंजीयन के लाभ समझाने के क्रम में नये पंजीकृत व्यापारियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि परिलक्षित हुई है, परन्तु नए पंजीकृत फर्मों द्वारा जानकारी के अभाव में मासिक / त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करने एवं टी0डी0एस0 कटौती करने वाली संस्थाओं द्वारा GSTR-07 दाखिल किये जाने के प्रतिशत में अपेक्षित वृद्धि परिलक्षित नहीं हो रही है। राज्य कर विभाग पंजीकृत / नव पंजीकृत व्यापारियों की संख्या विस्तार करने तथा उन्हें वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली के अन्तर्गत सरलतापूर्वक रिटर्न फाईल करने हेतु तकनीकी रुप से सक्षम बनाने के लिए संकल्पबद्ध तथा प्रयत्नशील है।

उक्त के क्रम में आपको यह निर्देशित किया जाता है कि पंजीयन जागरुकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों के माध्यम से पंजीयन बढ़ाये जाने के साथ ही पंजीयन प्राप्ति के उपरांत यथा विधि रिटर्न फाईलिंग के सम्बन्ध में पंजीकृत व्यापारियों, विशेष रुप से नए पंजीकृत व्यापारियों तथा टी0डी0एस0 कटौतीकर्ता संस्थाओं को रिटर्न फाईल कराने हेतु प्रशिक्षण प्रदान कराने का व्यापक अभियान चलाया जाए।

इस हेतु शिविर/वर्कशाप आयोजित किए जाए, जिसमें व्यापारी संगठनों, अधिवक्ताओं/टैक्स प्रैक्टिशनर्स आदि स्टेक होल्डर्स को शामिल करते हुए रिटर्न फाईलिंग की प्रक्रिया से पंजीकृत व्यापारियों तथा टी0डी0एस0 कटौतीकर्ता संस्थाओं को भली-भांति प्रशिक्षित किया जाय।

यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि नए पंजीकृत व्यापारियों की सुविधा हेँतु मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक रिटर्न फाईलिंग करने सम्बन्धी वीडियो क्लिप जी0एस0टी0एन0 की वेबसाइट तथा कतिपय यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध है। प्रशिक्षण उद्देश्य की पूर्ति हेतु gst.gov.in की साईट पर जाकर Help & Tax

Payer facilities टैब के अन्तर्गत GST Knowledge Portal पर जाकर Return को क्लिक करने पर File Returns का मेन्यू प्रदर्शित होता है, जिसमें विभिन्न रिटर्न्स की फाईलिंग प्रक्रिया का यूजर मैनुअल एवं वीडियों क्लिप भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से भी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए विस्तृत रुप से परिचर्चा प्रशिक्षण के दौरान की जा सकती है।

उक्तानुसार प्रशिक्षण कार्यों की प्रगति से सम्बन्धित विवरण वाणिज्य कर, मुख्यालय द्वारा पंजीयन प्रगति हेतु पूर्व निर्धारित किन्तु उक्त सीमा तक संशोधित माड्यूल, में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 एवं दिनांक उक्त्।

प्रतिलिपिः- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को उक्त की प्रति विभागीय पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

(विवेक आर्य)
संयुक्त आयुक्त (विधि) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।